हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 26 मार्च 2026

04 गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर होगा, नपा परिषद...



07 जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सिरोंज द्वारा आयोजित होगा चिकित्सा शिविर और...





## अपर कलेक्टर ने ली गैस एजेंसी संचालकों की बैठक, 3-4 दिन में मिल रही टंकी

# पेट्रोल-डीजल व रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक प्रशासन सतर्क, जमाखोरी पर होगी कार्रवाई

- दो से तीन दिन के भीतर हो रही है घरेलू गैस की होम डिलेवरी।

**पेट्रोल और डीजल की प्रशासन नियमित मॉनिटरिंग कर रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर रोज समीक्षा की जा रही है। जिला आपूर्ति अधिकारी का दावा है कि सभी पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की उपलब्धता को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है।

बुधवार को अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर की अध्यक्षता में नगरीय क्षेत्र विदिशा के गैस एजेंसी संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी सहित एचपीसीएल से संबद्ध अतुल गैस एजेंसी, विदिशा गैस सर्विस, सम्राट अशोक गैस एजेंसी, महेश गैस एजेंसी एवं नीरा गैस एजेंसी के संचालक एवं प्रबंधक उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर श्री डामोर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी उपभोक्ताओं को उनकी बुकिंग के आधार पर एफआईएफओ (पहले आओ, पहले पाओ) पद्धति से ही गैस रिफिल प्रदान की जाए। घरेलू सिलेंडरों की किसी भी प्रकार की अनाधिकृत बिक्री पर सख्त प्रतिबंध रहेगा।



विदिशा। गैस एजेंसी संचालकों के साथ हुई बैठक के दौरान निर्देश देते हुए अपर कलेक्टर अनिल डामोर।

### बुकिंग और वितरण का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश

जिले की गैस एजेंसियों की बैठक में स्पष्ट किया गया कि सभी एजेंसियों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक है और कहीं भी बैकलॉग या ड्राई स्थिति नहीं है। उपभोक्ताओं को बुकिंग के 3 से 4 दिनों के भीतर गैस रिफिल उपलब्ध कराया जा रहा है। वहीं ऑयल कंपनियों के अनुसार व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की आपूर्ति 1 से 2 दिनों में प्राप्त हो जाएगी। इनकी आपूर्ति शासन द्वारा निर्धारित प्राथमिकता क्रम के तहत शैक्षणिक व चिकित्सा संस्थानों, आवश्यक सेवाओं, होटल-रेस्टोरेंट एवं उद्योगों को की जाएगी। प्रशासन ने एजेंसियों को स्टॉक, बुकिंग और वितरण का रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए हैं। जिला आपूर्ति अधिकारी ने चेतावनी दी है कि अनियमितता पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी। प्रशासन द्वारा प्रतिदिन निगरानी भी जारी है।

### शमशाबाद में गैस एजेंसी का निरीक्षण



**शमशाबाद।** सहायक खाद्य अधिकारी मीना सोनी ने नगर स्थित इंडेन ग्रामीण वितरक गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गैस सिलेंडर भरवाने आए उपभोक्ताओं से बातचीत कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सेवाओं की गुणवत्ता की जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान एजेंसी पर सिलेंडरों की उपलब्धता संतोषजनक पाई गई। मीना सोनी ने बताया कि क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे गैस सिलेंडर की बुकिंग मोबाइल फोन के माध्यम से करें तथा ओटीपी प्राप्त होने के बाद ही एजेंसी पर पहुंचकर सिलेंडर लें।

## खबर संक्षेप

### कृषि मंडी में 9 दिन नीलामी बंद रहेगी

**विदिशा।** 26 मार्च से 3 अप्रैल तक कृषि उपज मंडी में कुल 9 दिनों तक नीलामी कार्य बंद रहेगा। इस दौरान विभिन्न बैंकिंग कार्यों एवं प्रमुख त्योहारों के कारण व्यापार प्रभावित रहेगा। अनाज तिलहन व्यापार उत्थान कल्याण संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि 26 मार्च को व्यापारियों द्वारा वार्षिक बैंकिंग कार्य किए जाएंगे। 27 मार्च को रामनवमी, 28 मार्च को माह का चौथा शनिवार तथा 29 मार्च को रविवार होने से बैंक बंद रहेंगे। 30 मार्च को बैंक क्लोजिंग कार्य किया जाएगा, जबकि 31 मार्च को महावीर जयंती के कारण अवकाश रहेगा। 1 अप्रैल को बैंकों में लेन-देन नहीं होगा, 2 अप्रैल को हनुमान जयंती तथा 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे होने से मंडी पूरी तरह बंद रहेगी। इसके बाद नियमित नीलामी कार्य प्रारंभ होगा।

### युवक-युवती परिचय सम्मेलन व सम्मान समारोह 29 को होगा

**विदिशा।** श्री महाराणा प्रताप राजपूत जागृति समिति द्वारा 29 मार्च रविवार को ऑडिटोरियम में तृतीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। कार्यक्रम में विवाह योग्य युवक-युवतियों का परिचय, विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान तथा समिति की तृतीय स्मारिका का विमोचन होगा। सम्मेलन में विधवा व तलाकशुदा बेटियों को भी पुनर्विवाह हेतु आमंत्रित किया है।

### केवी का 27 को घोषित होगा कक्षा 1 से 9 और 11 का परीक्षा परिणाम

**विदिशा।** केंद्रीय विद्यालय का सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 1 से 9 तथा कक्षा 11 के विद्यार्थियों का वार्षिक परीक्षा परिणाम 27 मार्च सुबह 9 बजे घोषित किया जाएगा। परिणाम वितरण केवल अभिभावकों को ही किया जाएगा, जिसके लिए समय सुबह 9 से 10:30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। विद्यालय ने निर्देश दिए हैं कि विद्यार्थी अनिवार्य रूप से यूनिफॉर्म में अपने अभिभावकों के साथ ही रिपोर्ट कार्ड लेने आएं। रिपोर्ट कार्ड प्राप्त करते समय अभिभावक कक्षा शिक्षक से विद्यार्थियों की प्रगति एवं सुधार पर चर्चा करें। विद्यार्थियों से स्वेच्छा से अपनी पुरानी पुस्तकें दान करने का भी आग्रह किया गया है, जिससे जरूरतमंद छात्रों को सहायता मिल सके।

### वंदे मातरम के 150 वर्ष पर वर्षभर आयोजन, नोडल अधिकारी नियुक्त

**विदिशा।** वंदे मातरम गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देशभर में 7 नवंबर 2025 से 7 नवंबर 2026 तक वर्षव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक, शैक्षणिक और जनजागरूकता गतिविधियां संचालित होंगी। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने जिले में कार्यक्रमों के समन्वय, संचालन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला शिक्षा केन्द्र के जिला परियोजना समन्वयक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# तड़के छापा: मंडी कर चोरी पर सख्ती, पांच वाहन पकड़े

**एक वाहन पीछा कर सिराजनगर में रोका, चालक फरार**




**बिना टैक्स चुकाए धनिया, सरसों किया जा रहा था परिवहन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आनंदपुर

लटेरी एसडीएम नितिन जैन ने मंगलवार तड़के करीब 6 बजे आनंदपुर कृषि उप मंडी में गल्ला व्यापारियों पर छापामार कार्रवाई कर मंडी कर चोरी का बड़ा मामला उजागर किया।

बिना कर चुकाए गुना की ओर जा रही एक लोडिंग गाड़ी टीम को देखकर भाग निकली। अधिकारियों ने पीछा किया तो चालक ने वाहन सिराजनगर की ओर मोड़ दिया, लेकिन खराब सड़क के कारण गाड़ी धीमी पड़ गई। इसी दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। बाद में वाहन को जब्त कर आनंदपुर थाने में खड़ा कराया गया। कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 5 गाड़ियां पकड़ीं, जिनमें धनिया और सरसों बिना मंडी टैक्स के परिवहन किया जा रहा था। मंडी प्रभारी भागचंद सिलावट के अनुसार, अलग-अलग वाहनों में 12 से 15 क्विंटल धनिया और 20 क्विंटल सरसों बरामद की गई। अधिकारियों ने मौके पर ही पांच गुना दंडात्मक मंडी टैक्स वसूली की कार्रवाई शुरू कर दी। दो व्यापारियों ने क्रमशः 8 हजार और 8375 रुपए जमा कर दिए हैं, जबकि अन्य से वसूली जारी है। इस कार्रवाई में एसडीएम, कृषि विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम शामिल रही। तड़के हुई इस सख्त कार्रवाई से मंडी क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और कर चोरी करने वालों में डर का माहौल बन गया है।

**प्रदर्शन आज: विदिशा।** किसानों की समस्याओं को लेकर आज दोपहर 1 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन में सोसाइटी ऋण जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाने, सोयाबीन तेल को टैक्स-फ्री श्रेणी से हटाने के विरोध, ओलावृष्टि व बारिश से फसल नुकसान का मुआवजा एवं बीमा दिलाने तथा गेहूं खरीदी संबंधी समस्याओं के निराकरण की मांग शामिल रहेगी।

# अमरनाथ यात्रा पंजीयन केंद्र की मांग, लोग बोले: श्रद्धालुओं को भोपाल-सिरोंज नहीं जाना पड़ेगा




विदिशा। अमरनाथ सेवा मंडल ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीयन केंद्र स्थापित करने की मांग जोर पकड़ रही है। विदिशा अमरनाथ सेवा मंडल ने इस संबंध में जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है, जिसमें शहर में ही पंजीकरण सुविधा शुरू करने की अपील की गई है। संगठन का कहना है कि वर्तमान में श्रद्धालुओं को पंजीकरण के लिए भोपाल या सिरोंज जाना पड़ता है, जिससे उन्हें असुविधा होती है।

मंडल के अनुसार पंजीकरण के लिए अन्य शहरों की यात्रा करने से श्रद्धालुओं का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गों को इस प्रक्रिया में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### 2013 से पहले पंजीकरण की सुविधा थी

अमरनाथ सेवा मंडल के पदाधिकारी अतुल तिवारी ने बताया कि वर्ष 2013 से पहले विदिशा में ही पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध थी, जिसे बाद में बंद कर दिया गया। उन्होंने तर्क दिया कि विदिशा जिला मुख्यालय होने के कारण यहां सभी तहसीलों से अच्छी कनेक्टिविटी है, जिससे यहीं पंजीकरण केंद्र शुरू होने से हजारों श्रद्धालुओं को लाभ मिलेगा। सुजीत देवलिया ने मौजूदा व्यवस्था पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को पहले सिरोंज या भोपाल जाकर पंजीकरण कराना पड़ता है और फिर वापस आकर यात्रा शुरू करनी होती है। इससे अनावश्यक रूप से कई बार आना-जाना पड़ता है। यदि विदिशा में ही पंजीकरण केंद्र शुरू हो जाए तो पूरी प्रक्रिया सरल और सुगम हो जाएगी। संगठन के पदाधिकारियों ने प्रशासन से मांग की है कि किसी बैंक या उपयुक्त स्थान पर केंद्र शुरू हो।

### वाहन चैकिंग में 1.41 लाख का राजस्व वसूला

**हरिभूमि न्यूज . विदिशा।** परिवहन आयुक्त एवं कलेक्टर के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा द्वारा ग्यारसपुर एवं सागर रोड पर वाहनों की सघन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान 7 वाहन नियमों का उल्लंघन करते पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। संबंधित वाहन चालकों से शमन शुल्क 65 हजार 500 रुपए एवं मोटरयान कर 7 हजार 685 रुपए सहित कुल 1 लाख 41 हजार 185 रुपए का राजस्व वसूला गया। आरटीओ ने बताया कि जांच के दौरान विशेष रूप से यात्री वाहनों एवं डंपरों पर फोकस रखा गया, जिससे यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित किया जा सके।

# कलेक्टर ने लायरा स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया, कहा: स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही न की जाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कुरवाई तहसील के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लायरा का औचक निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि स्वाथ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार कि लापरवाही न हो। उन्होंने कई व्यवस्थाओं में सुधार लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में साफ-सफाई, दवाओं की उपलब्धता, मरीजों के उपचार, रिकॉर्ड संधारण एवं स्टाफ की उपस्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मरीजों को बेहतर और समय पर इलाज मिलना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप रहें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि आयुष्मान योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को समय पर लाभ मिले और किसी भी मरीज को अनावश्यक परेशान न होना पड़े। अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना आवश्यक है।

# जमीन सौदे में फंसे 15 लाख रुपए लौटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं कोर कमेटी सदस्यों की उपस्थिति में हुई।

बैठक में विभिन्न जटिल पारिवारिक व आर्थिक प्रकरणों की सुनवाई कर उनका संतोषजनक समाधान किया गया। एक बुजुर्ग महिला ने जमीन खरीद के लिए दिए गए 15 लाख रुपये वापस न मिलने की शिकायत की थी। पंचायत द्वारा दोनों पक्षों को समझाइश देने पर विक्रेता ने पूरी राशि लौटाने के साथ 2.5 लाख रुपए ब्याज देने पर सहमति जताई। पीड़िता ने राहत मिलने पर संतोष व्यक्त किया। गंजबासौदा की एक वृद्ध महिला ने बेटे-बहू के व्यवहार से परेशान होकर शिकायत की थी।



पंचायत में समझाइश के बाद तय हुआ कि महिला अपने मकान के ऊपरी हिस्से में रहेंगी, जबकि बेटा-बहू नीचे निवास करेंगे। एक माह बाद समीक्षा के निर्देश दिए गए।

### गिरवी मामले में मांगा रिकॉर्ड

एक अन्य प्रकरण में 40 हजार रुपये के बदले गिरवी रखे जेवर पर 6 लाख रुपये की मांग का विवाद सामने आया। दस्तावेज न होने पर पंचायत ने अगली सुनवाई में रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। पुलिस पंचायत की इस पहल से लोगों को त्वरित न्याय और सामाजिक समरसता का लाभ मिल रहा है।

### ट्रक विक्रय राशि का भुगतान

पंचायत में एक मामला आया जिसमें एक महिला को दिवंगत पुत्र द्वारा बेचे गए ट्रक की शेष राशि नहीं मिल रही थी। पंचायत में चर्चा के बाद भोपाल निवासी ट्रांसपोर्टर ने मौके पर ही राशि उनके खाते में ट्रांसफर कर दी।

### डायवर्सन राशि न चुकाने पर वृंदावन कॉलोनी सील

**विदिशा।** डायवर्सन की बकाया राशि को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। तहसीलदार प्रीति पंथी ने संदीप तरण की वृंदावन कॉलोनी को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार कॉलोनी संचालक पर करीब 5 लाख रुपये की डायवर्सन राशि बकाया थी। इस संबंध में प्रशासन द्वारा कई बार नोटिस जारी कर भुगतान के निर्देश दिए गए, लेकिन संबंधित पक्ष ने राशि जमा नहीं की। चेतावनी के बावजूद भुगतान नहीं होने पर तहसीलदार ने कार्रवाई करते हुए कॉलोनी को सील कर दिया। तहसीलदारने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई नियमों के तहत की गई है।

**कल शमशाबाद नगर में निकाली जाएगी भव्य शोभायात्रा**

# 400 साल बाद नई भव्यता में सजे प्रभु श्रीराम, शमशाबाद रामनवमी उत्सव के ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनेंगे लोग



### 35 लाख की राशि से किया गया पुर्ननिर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

नगर एक बार फिर इतिहास रचने जा रहा है। लगभग 400 वर्ष प्राचीन श्री राम जानकी बड़ा मंदिर अब नए भव्य स्वरूप में भगवान श्रीराम के स्वागत के लिए तैयार है।

वर्ष 2022 में शुरू हुआ मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य केवल निर्माण नहीं, बल्कि आस्था, समर्पण और जनसहयोग की मिसाल बनकर उभरा है। जहां भक्तों ने तन, मन और धन से योगदान दिया। करीब 35 लाख रुपए की लागत से तैयार इस दिव्य श्रीराम मंदिर में 27 मार्च (रामनवमी) को प्रभु श्रीराम की पुनः प्राण-प्रतिष्ठा विधि-विधान से हवन और पूजा-अर्चना के साथ संपन्न होगी।

यह अवसर पूरे नगर सहित क्षेत्र के लिए गर्व और उत्सव का प्रतीक बनने जा रहा है। 26 मार्च को नगर ने भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रीराम की झांकी नगर के प्रमुख मार्गो से होकर मंदिर तक पहुंचेगी। जहां हर गली जय श्रीराम के उद्घोष से गूंज उठेगी। रामजानकी भक्त मंडल ने सभी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें, मंदिर पहुंचकर प्रभु के दर्शन करें और प्रसादी ग्रहण कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।



# ट्रैक्टर व भूसा मशीन चोरी के 2 आरोपी धराए

## 17-18 मार्च की रात ट्रैक्टर व भूसा मशीन चुराकर ले गए थे चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर थाना पुलिस ने ट्रैक्टर व भूसा मशीन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर करीब 12 लाख का मशरूका बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार फरियादी पारेख पिता गुलाव खां निवासी ग्यारसपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17-18 मार्च की रात उसके घर के सामने खड़ा न्यू हॉलैंड ट्रैक्टर व भूसा बनाने की मशीन चोरी हो गई। मामले की जांच के दौरान पुलिस टीम ने साक्ष्यों के आधार पर थाना त्योंदा क्षेत्र के ग्राम स्यावदा करीमपुर निवासी रामश्याम (28) और उसके भाई अमित (26) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों ने आर्थिक तंगी और कर्ज के चलते चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया।



ग्यारसपुर। पुलिस गिरफ्त में आए चोरी के दोनों आरोपी।

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे मोटरसाइकिल से ग्यारसपुर आए और मौका पाकर ट्रैक्टर व मशीन चोरी कर बीना ले गए। पकड़े जाने के डर से उन्होंने रास्ते में वाहन की नंबर प्लेट फेंक दी और वाहन को छुपाकर बेचने की फिराक में थे। संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी गोकुल अजनेरिया, सहायक उप निरीक्षक दुर्गाशंकर माझी, प्रधान आरक्षक विमल चौहान आरक्षक देवेंद्र शाक्य आरक्षक जय श्रीवास्तव की भूमिका रही।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-5570
सरसों
न्यूनतम भाव-5100
उच्चतम भाव-7500
चना
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-5492
मसूर
न्यूनतम भाव-5300
उच्चतम भाव-7850
शरबती
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-4272
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-4231
मालवा शक्ति
न्यूनतम भाव-2216
उच्चतम भाव-2270
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-3600
अलसी
न्यूनतम भाव-7230
उच्चतम भाव-8500
धनिया
न्यूनतम भाव-7550
उच्चतम भाव-8500
धान
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3905
बटरी
न्यूनतम भाव-3400
उच्चतम भाव-4550
मक्का
न्यूनतम भाव-1175
उच्चतम भाव-1556
मटर
न्यूनतम भाव-4200
उच्चतम भाव-4200

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 55950 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# अंबानगर में चोरों ने उड़ाए किसान के 4 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



कृषि उपज मंडी से मसूर की फसल बेचकर लौट रहे किसान पप्पू राठौर के ट्रैक्टर के टूल बॉक्स से लगभग चार लाख रुपए चोरी हो गए। पप्पू राठौर ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद जांच शुरू हो गई। प्राप्त जानकारी पप्पू राठौर ने मंडी में 56 क्विंटल मसूर 7430 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बेचा। कुल 4 लाख 18 हजार रुपए प्राप्त हुए, जिसमें से 18 हजार रुपए उन्होंने अपनी जेब में रखे और बाकी चार लाख रुपए ट्रैक्टर के टूल बॉक्स में ताला लगाकर सुरक्षित रख दिए। मंडी से लौटते समय वे अंबानगर के पास एक पेट्रोल पंप पर रुके और गन्ने का जूस पीने के लिए थोड़ी देर बाहर गए। जब वापस आए तो देखा कि टूल बॉक्स का ताला टूटा हुआ है और पैसे गायब हैं। पुलिस ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसमें तीन युवक अपाचे मोटर साइकिल पर आते दिखाई दिए। एक युवक ने टूल बॉक्स से पैसे निकाले और थैला दूसरे युवक को थमा दिया, जिसके बाद वे सभी फरार हो गए। पप्पू राठौर ने बताया कि यह उनकी महीनों की मेहनत का पैसा था, जिसे वे कर्ज चुकाने के लिए सुरक्षित रख रहे थे। अब उनके पास केवल 18 हजार रुपए बचे हैं। पुलिस गहनता से जांच कर आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। यहां उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी किसानों के साथ इस तरह की वारदातें हो चुकी हैं और पुलिस एवं प्रशासन भी लगातार अपील करता है कि किसान अपनी राशि को ट्रैक्टर या ट्रॉली में न रखकर अपने पास सुरक्षित तरीके से रखकर ले जाएं। इसके बाद भी किसान लगातार लापरवाही करते हैं, कभी रूपयों से भरे थैले को बाइक पर टांग देते हैं तो कभी रूपए टूलबॉक्स में रख देते हैं।

# कंपनी की शिकायत करने पुलिस थाने पहुंचे दर्जनों पीड़ित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों ग्राम उदयपुर के कई ग्रामीण शहर पुलिस थाना पहुंचे। जहां उन्होंने सिटी थाना प्रभारी संजीव वेदिया को एक शिकायती आवेदन दिया। जिसमें कहा गया है कि एलजेसीसी कंपनी उनकी दैनिक बचत के पैसे वापस नहीं कर रही है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कंपनी ने एजेंट के माध्यम से उनसे प्रतिदिन 100 रुपये जमा कराए थे। गांव के एजेंट मसरूर खान ने 20 से 30 ग्रामीणों के दैनिक बचत खाते खोले थे। इन खातों में एक से दो साल तक लगातार 100 रुपये प्रतिदिन जमा किए गए। इस प्रकार, प्रत्येक ग्रामीण के 5,000 से लेकर 30,000 रुपए तक जमा हो गए थे। तय समय सीमा पूरी होने पर कंपनी को जमा राशि ब्याज सहित वापस करनी थी। लेकिन अब एजेंट पैसे लौटाने में टालमटोल कर रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि कंपनी के कार्यालय बंद हो गए हैं और बासौदा में बैठे कंपनी के लोग भी गायब हैं। पीड़िता गीताबाई ने बताया कि उन्होंने प्रतिदिन 100 रुपए जमा कर कुल 12,000 रुपए बचाए थे, लेकिन उन्हें यह राशि नहीं मिल रही है। वहीं ग्राम उदयपुर के मनीष, राजपाल अहिरवार, सलमान सहित कई अन्य ग्रामीणों के रुपए भी फंसे हुए हैं। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

## नगरीय प्रशासन विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा

# गंजबासौदा का नाम वासुदेव नगर होगा, नपा परिषद में प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को नगर पालिका परिषद की बैठक में शहर का नाम 'वासुदेव नगर' करने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बुधवार दोपहर आयोजित इस बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी सर्वसम्मति से मंजूरी मिली, जिनमें बकायादारों से वसूली और अतिक्रमण हटाने जैसे मुद्दे शामिल थे। बैठक में सभी पार्षदों ने गंजबासौदा का नाम बदलकर वासुदेव नगर रखने पर अपनी सहमति जताई। अब इस संबंध में एक प्रस्ताव तैयार कर नगरीय प्रशासन विभाग को भोपाल भेजा जाएगा। इस बैठक में नपा का वार्षिक बजट भी प्रस्तुत किया गया, जो एक अरब रूपए से अधिक का है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार परिषद की बैठक नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से विधायक हरिसिंह रघुवंशी भी उपस्थित थे। विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने बताया कि नगर का नाम वासुदेव नगर रखने की मांग को मुख्यमंत्री से स्वीकृति मिल गई है और अब भगवान श्री कृष्ण के नाम पर शहर का नाम होने से यह अच्छा लगेगा। इसलिए यह प्रस्ताव नपा परिषद की बैठक में मंजूरी के लिए रखा गया है। इस प्रस्ताव पर परिषद के सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी और इस तरह सर्व सम्मति से प्रस्ताव पारित हो गया। अब इस प्रस्ताव को शीघ्र ही नगरीय प्रशासन विभाग को भेजा जाएगा। बैठक में बताया गया कि नगर पालिका बकाया संपत्तिकर और जलकर वसूलने के लिए कड़ी कार्रवाई की योजना बना रही है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ने बताया कि शहर में करीब 50 लाख रुपये की बकाया राशि उपभोक्ताओं एवं नागरिकों से वसूलनी है। पहले बकायादारों को नोटिस जारी किए जाएंगे। नोटिस के बाद भी जवाब न मिलने पर बकायादारों के नाम के होर्डिंग सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जाएंगे, ताकि जल्द वसूली हो सके। इसके अतिरिक्त, नगर के प्रमुख मार्गों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने पर भी सहमति बनी है, जिसके बाद अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया जाएगा। वहीं मृत या बाहर जा चुके 35 कर्मचारियों के स्थान पर नए कर्मचारियों की भर्ती की जाएगी। परिषद की बैठक में वार्षिक बजट वर्ष 2026-27 का अनुमानित बजट राशि रुपये 1,06,40,95,822/-का भी अनुमोदन किया गया।

## अवैध पत्थर खदानों पर चल रही है कार्रवाई ढाई हजार नग फर्शी पत्थर किया नष्ट



**गंजबासौदा।** बासौदा वन परिक्षेत्र में अवैध पत्थर खनन पर रोक लगाने के लिए वन विभाग और पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से सघन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक एवं वनमंडलाधिकारी के मार्गदर्शन में लगातार दूसरे दिन भी प्रभावी रूप से कार्रवाई जारी रही। अवैध खनन क्षेत्र विश्व प्रसिद्ध 'नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर' एवं अन्य पुरातात्विक स्थलों के समीप स्थित है, जहां खनन से उत्पन्न कंपन और धूल से इन धरोहरों को क्षति पहुंचने की आशंका है। इसी को ध्यान में रखते हुए वन विभाग द्वारा पूरे संवेदनशील वन क्षेत्र की स्थायी सुरक्षा के लिए 'चेनलिंक फेसिंग' कराए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे खनन गतिविधियों और बाहरी हस्तक्षेप को पूर्णतः रोका जा सके। वन एवं पुलिस बल द्वारा बारबंद, छानबाग, साहीबा एवं पधार क्षेत्रों में गश्त कर दबिश दी गई, जिसमें लगभग 2000 नग फर्शी पत्थरों को मौके पर ही नष्ट किया गया। वहीं बुधवार को 4 विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो निरंतर खदान क्षेत्रों में कार्रवाई कर रही हैं। साथ ही अवैध पत्थर परिवहन पर रोक लगाने के लिए मुख्य मार्गों पर 4 चेकपोस्ट स्थापित किए गए हैं। आज 438 नग फर्शी पत्थरों को नष्ट किया जा चुका है। इस संयुक्त अभियान में गंजबासौदा, विदिशा एवं ग्यारसपुर के अधिकारी पुलिस बल के साथ सक्रिय रूप से कार्यरत हैं। जिले में अवैध खनन के विरुद्ध इस प्रकार की सख्त एवं आकस्मिक कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### विराट शिल्पकार का सुयश



**गंज बासौदा।** नवांकुर विद्यापीठ इंग्लिश मीडियम स्कूल के कक्षा पांचवी के छात्र विराट पुत्र योगेश राखी शिल्पकार ने राज्य शिक्षा केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित बोर्ड परीक्षा में फर्स्ट डिवीजन से परीक्षा उत्तीर्ण की है। छात्र की इस उपलब्धि पर परिवारजन, विद्यालय के प्राचार्य सहित स्टाफ ने बधाई देते हुए विराट के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## पाठक संघ ने बलिदान दिवस मनाया

**गंजबासौदा।** शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में स्वतंत्रता सेनानी एवं पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी का बलिदान दिवस मनाया गया।




वरिष्ठ समाज सेवी सुनील बाबू पिंगले ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि गणेश शंकर विद्यार्थी का जन्म 26 अक्टूबर 1890 में हुआ था। उन्होंने अपनी शिक्षा मुंगावली में प्राप्त की वे उर्दू और फारसी में निपुण थे। गणेश शंकर विद्यार्थी एक स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं निडर पत्रकार थे। उन्होंने 1913 में हिंदी साप्ताहिक समाचार पत्र प्रताप की स्थापना की और किसान तथा श्रमिकों की आवाज बने। उन्होंने होमरूल आंदोलन, असहयोग आंदोलन और सविनय अवज्ञा जैसे स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया। विद्यार्थी ने विदिशा में भी शिक्षा ग्रहण की। 1931 में कानपुर के दंगों को शांत करने की प्रयास करते हुए वे शहीद हो गए। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा किया गया। वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि गणेश शंकर विद्यार्थी की स्मृति में कानपुर में गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज का नाम रखा गया है। इस अवसर पर नंदकिशोर सोनी, लक्खू यादव, बबलू राय, प्रदीप अरोरा, कैलाश नेमा, उत्तम सोनी सहित अनेक पाठक गण उपस्थित थे।

## नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन







हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

राज्य शिक्षा केंद्र स्कूल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश द्वारा बुधवार को कक्षा पॉंचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नवांकुर विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा पॉंचवी में विद्यालय के कुल 222 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 15 विद्यार्थियों ने ए+ ग्रेड, 63 विद्यार्थियों ने ए ग्रेड, 55 विद्यार्थियों ने बी+ ग्रेड, 61 विद्यार्थियों ने बी ग्रेड, 21 विद्यार्थियों ने सी+ ग्रेड व 3 विद्यार्थियों ने सी ग्रेड प्राप्त किया। कक्षा 5 वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 98.19 प्रतिशत रहा। विद्यालय के छात्र अनय जाट ने 371 अंक हासिल करके विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। काव्य चौबे 364 अंक द्वितीय, जन्नत रघुवंशी 360 अंक तृतीय, दीपाली दांगी 359 अंक चतुर्थ, अर्पिता विश्वकर्मा 354 अंक पंचम, माही दांगी व इशिका दांगी 349 अंक षष्ठम, देवांश बैरागी 347 अंक सप्तम, आशी रघुवंशी 344 अंक अष्टम, पल्लवी दुबे 341 अंक नवम स्थान हासिल किया। आठवीं की परीक्षा में विद्यालय के कुल 109 विद्यार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 6 विद्यार्थियों ने 85% से अधिक अंक हासिल किये। 32 विद्यार्थियों ने 76% से अधिक अंक हासिल किये। आठवीं परीक्षा में विद्यालय के छात्र आदर्श प्रताप राजपूत 548 अंक प्रथम, अंबिका कुशवाह, कविता लोधी ने द्वितीय, काजल रघुवंशी ने तृतीय, मोनी बघेल ने चतुर्थ, कीर्ति राजपूत ने पंचम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र कुमार दीक्षित, माध्यमिक विभाग की प्राचार्या सीमा साध तथा प्राथमिक विभाग के प्रधानाध्यापक अनिल रिछारिया, नितिन डोंगरे सहित विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को बधाइयां देकर उज्वल भविष्य की कामना की।

## सफाई मित्रों को महत्वपूर्ण जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी आरके नेमा द्वारा कार्यशाला का शुभारंभ किया गया तथा सफाई मित्रों को सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान सहयोगी संस्था आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से अभिषेक शर्मा द्वारा सफाई मित्रों को PPE किट के उपयोग एवं सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का उद्देश्य सफाई मित्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना एवं उन्हें जागरूक बनाना रहा।

## माधोदास की अनन्य भक्ति के प्रसंगों से श्रद्धालुगण भाव-विभोर हुए

# सत्संग से मिलती दिशा, भक्ति से भगवान मिलते हैं: डॉ. शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

जीवन में यदि व्यक्ति भक्तों और वैष्णवों का संग नहीं करता, ज्ञानी संतों के सान्निध्य में बैठकर अध्यात्म का मर्म नहीं समझता, तो वह उपासना के वास्तविक स्वरूप से वंचित रह जाता है। सत्संग ही वह सेतु है, जो जीव को भगवान से जोड़ता है और भक्ति को दृढ़ बनाता है। नौलखी तपोवन आश्रम में आयोजित श्री भक्तमाल कथा के पंचम दिवस पर संतों ने भक्ति, सत्संग और शास्त्र सम्मत उपासना के महत्व को विस्तार से समझाया। भगवान के साक्षात दर्शन के लिए सच्चे भाव, सेवा और संत संग को अनिवार्य बताया गया। वेत्रवती तट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान जगन्नाथ एवं प्रभु सीताराम के द्वितीय पाटोत्सव के मौके पर आयोजित हो रही श्री भक्तमाल कथा के पंचम दिवस भारत राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित भागवताचार्य ज्योतिषाचार्य डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री ने भक्तमाल की महिमा को अपने श्रीमुख से अमृतमयी वाणी में प्रवाहित करते हुए व्यक्त किए। पाटोत्सव में शमशाबाद से पधारे रामदेव बाबा मंदिर के पीठाधीश्वर पंडित गौरीशंकर तेनगुरिया का महंत राम मनोहर दास महाराज ने शाल श्रीफल से सम्मान किया। नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, पार्षद नारायण सोनी, राजेंद्र व्यास ने कथा व्यास का पूजन कर आरती की।

शिवार्चन और भक्तमाल कथा में यजमान नरेंद्र मंजू लता शर्मा, आशीष वर्षा पाराशर, पत्रकार देवेंद्र रघुवंशी, भानु सिंह ठाकुर ने सहपत्निक शिव अभिषेक में सहभागिता की। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि पूजा और उपासना सदैव शास्त्र सम्मत विधि से ही करनी चाहिए। मनमाने उपायों और दिखावे से की गई पूजा का कोई आध्यात्मिक फल नहीं मिलता। उन्होंने वर्तमान समय में फैल रही भ्रामक धार्मिक धारणाओं पर चिंता जताते हुए कहा कि धर्म के नाम पर गलत मार्ग दिखाना समाज के लिए घातक है। पंचम दिवस पर विशेष रूप से माधोदास की अनन्य भक्ति का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि माधोदास भगवान जगन्नाथ के परम भक्त थे, जिनका जीवन पूर्णतः प्रभु समर्पण का आदर्श उदाहरण है। उन्होंने अपने जीवन में कभी अहंकार को स्थान नहीं दिया और हर परिस्थिति में प्रभु की इच्छा को ही सर्वोपरि माना।

उनकी भक्ति इतनी निष्काम और निष्कलंक थी कि भगवान स्वयं उनके प्रेम से बंध जाते थे। कथा के समापन पर संतों ने कहा कि सच्ची भक्ति वही है, जिसमें श्रद्धा, नियम और शास्त्रीय मर्यादा का पालन हो। जब साधक इन सिद्धांतों को अपनाता है, तभी वह प्रभु कृपा का पात्र बनता है। डॉ. शास्त्री ने बेतवा नदी की महिमा का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा कि शास्त्रों में उल्लेख मिलता है कि कलियुग के प्रभाव में जब गंगा का प्रकट स्वरूप धरती से लुप्त हो जाएगा, तब बेतवा ही वह पावन धारा होगी, जहां अस्थि विसर्जन और मोक्ष के संस्कार संपन्न होंगे। यह हम सभी का सौभाग्य और संचित पुण्य है कि हमें बेतवा जैसे पवित्र तट का सान्निध्य प्राप्त हुआ है। यह केवल एक नदी नहीं, बल्कि भवसागर से पार लगाने वाली दिव्य धारा है।

कथावाचक ने कहा कि नर्मदा में तो केवल हर रूपी शिव का वास है जबकि बेतवा में हरि और हर दोनों का वास है, जहां संतों की वाणी गूंजती हो और जहां भक्तों के चरित्र का श्रवण हो रहा हो, उससे बड़ा कोई पुण्य अवसर जीवन में नहीं हो सकता। बेतवा केवल जलधारा नहीं, यह हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन की पवित्र धरोहर है। जिस धारा को हम मां कहकर पूजते हैं, उसे स्वच्छ रखना हमारा प्रथम कर्तव्य है। आइए संकल्प लें कि प्लास्टिक, कचरा और अपशिष्ट इसमें नहीं डालेंगे। पूजन सामग्री का भी उचित स्थान पर विसर्जन करेंगे।

# प्रवेश उत्सव को लेकर डीपीसी ने कड़े निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



बुधवार को एक महत्वपूर्ण ब्लॉक स्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला परियोजना समन्वयक विकासखंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी सहित क्षेत्र के समस्त संकुल प्राचार्य, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी प्राचार्य और शाला प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी शैक्षणिक सत्र का सफल प्रारंभ और 'प्रवेश उत्सव' की तैयारियों की समीक्षा करना था।

डीपीसी विदिशा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सत्र के पहले दिन से ही शालाओं में शैक्षणिक वातावरण निर्मित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव को एक उत्सव के रूप में मनाया जाए ताकि बच्चों का जुड़ाव स्कूल के प्रति बढ़े। बैठक के दौरान लिखित एजेंडे के अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और निर्देश जारी किए गए, शाला प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि पोषक क्षेत्रों के एक-एक बच्चे का चिन्हांकन कर उनका शाला में नामांकन सुनिश्चित किया जाए। सत्र प्रारंभ होते ही स्कूलों को सजाने, बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत करने और मध्यान्ह भोजन में विशेष भोज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। बीईओ और बीआरसी ने सभी प्राचार्यों को शासन द्वारा निर्धारित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार ही गतिविधियां संचालित करने को कहा।

छात्रों की मैपिंग और प्रोफाइल अपडेट करने के कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने की सख्त हिदायत दी गई। डीपीसी ने स्पष्ट किया कि कार्य में लापरवाही बरतने वाले संकुल केंद्रों और शालाओं पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बीआरसी और बीईओ को नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए ताकि ब्लॉक की शैक्षणिक रैंकिंग में सुधार हो सके। बैठक में डीपीसी विदिशा, बीआरसी, बीईओ, समस्त संकुल प्राचार्य, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी के प्राचार्य तथा समस्त प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का समापन राष्ट्रगान और उज्ज्वल शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाओं के साथ हुआ।

## नवरात्रि महोत्सव के दौरान शहर के मंदिरों पर में उमड़े रहे श्रद्धालुजन

# कृष्णायन से कृष्णमय हुई महामाई, भजनों पर जमकर झूमे भक्त, दर्शन के लिए कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

कृष्णायन से कृष्णमय हुआ महामाई परिसर। नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर महामाई मंदिर में प्रतिदिन सांस्कृतिक विभाग के सहयोग से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार रात्रि को मोहित शेवानी एवं उनकी टीम द्वारा कृष्णायन कार्यक्रम की भव्य प्रस्तुति दी गई, जिसने पूरे वातावरण को भक्ति और श्रद्धा से सराबोर कर दिया।



कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री कृष्ण के जन्म प्रसंग से हुई, जिसमें उनकी बाल लीलाओं का अत्यंत मधुर भजनों के माध्यम से सजीव चित्रण किया गया। इसके पश्चात श्री कृष्ण के जीवन के विभिन्न प्रसंगों, उनके कर्मों एवं जनमानस को दी गई शिक्षाओं को संगीतमय शैली में प्रस्तुत किया गया, जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ महामाई माता एवं स्व. पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत महामाई सेवा समिति द्वारा मोहित शेवानी एवं उनकी टीम का पुष्पहारों से स्वागत एवं सम्मान किया गया, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में नगर सिरोंज की घोष इकाई द्वारा महामाई माता के जागृत दरबार में घोष वादन कर राष्ट्र को अखंड एवं परम वैभव पर ले जाने महामाई मैया से प्रार्थना की एवं बुधवार को देर शाम राष्ट्र सर्वोपरि संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मोहित शिवानी के द्वारा प्रस्तुत दी गई जो की देर रात तक चली।

**भजन पर झूमे विधायक उमाकांत शर्मा** - कार्यक्रम के दौरान ह्रगोविंद बोलो हरि गोपाल बोलोह्व भजन ने विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। इस भजन की धुन पर विधायक उमाकांत शर्मा भी स्वयं को रोक नहीं सके और भक्ति में लीन होकर झूम उठे। उनके साथ पूरा पांडाल भी भक्ति रस में डूब गया और वातावरण ह्लजय श्री कृष्णह्व के जयकारों से गूंज उठा। इसके साथ ही टीम द्वारा भगवद गीता के उपदेश, भगवान कृष्ण के विराट रूप तथा जीवन दर्शन से जुड़े अनेक भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया।

**पूरे दिन और देर रात तक उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़** - महामाई मंदिर परिसर में पूरे दिन से ही श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा, जो देर रात तक जारी रहा। दूर-दूर से आए भक्तों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं और पूरा परिसर भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया।

# जिला रेडक्रॉस सोसाइटी सिरोंज द्वारा आयोजित होगा चिकित्सा शिविर और ब्लड बैंक स्थापना



**सिरोंज।** जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा सिरोंज में जल्द ही चिकित्सा शिविर का आयोजन व ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव संदीप उदयवाल ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी पूरे जिले में स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिरोंज में चिकित्सा शिविर का आयोजन को लेकर मेरी एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा से भी चर्चा हुई है। जल्द ही सिरोंज में स्थान चयन कर चिकित्सा शिविर का आयोजन व ब्लड बैंक की स्थापना की जाएगी। जिसमें भोपाल के विशेषज्ञों द्वारा शिविर में आने वाले नागरिको को स्वास्थ्य प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वही उन्होंने कहा कि भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी 1920 में स्थापित एक प्रमुख स्वैच्छिक मानवीय संगठन है, जो आपदाओं, युद्ध और आपातकालीन स्वास्थ्य स्थितियों में राहत प्रदान करता है। यह अंतरराष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मानवीय पीड़ा को कम करना, स्वास्थ्य देखभाल और आपातकालीन सेवाएं जैसे ब्लड बैंक, एम्बुलेंस प्रदान करना है। साथ ही इसका उद्देश्य जीवन और स्वास्थ्य की रक्षा करना और मानव के प्रति सम्मान सुनिश्चित करना है। यह सभी लोगों के बीच पारस्परिक समझ, मित्रता, सहयोग और स्थायी शांति को बढ़ावा देता है।

### एक प्रमुख मानवीय संगठन रेडक्रास सोसाइटी

वही रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने बताया कि रेड क्रॉस सोसाइटी एक प्रमुख मानवीय संगठन है, जो युद्ध, प्राकृतिक आपदाओं और आपातकालीन स्थितियों में लोगों को राहत, चिकित्सा सहायता और प्राथमिक उपचार प्रदान करता है। इसके मुख्य कार्यों में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य एवं शिक्षा, सामुदायिक सेवा, नर्सिंग, मातृत्व और बाल कल्याण सेवाएं शामिल हैं, जो निस्वार्थ भाव से की जाती हैं। सामाजिक सेवा और सामुदायिक कार्य में कमजोर वर्ग के लोगों की मदद, स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता अभियान चलाना। युवा रेड क्रॉस छात्रों में सेवाभाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता विकसित करना, उन्हें सामुदायिक कार्यों के लिए प्रेरित करना। अन्य देशों की रेड क्रॉस,रेड क्रिसेंट सोसायटियों के साथ मिलकर शांति और मानवीय सहायता को बढ़ावा देना। रेड क्रॉस की गतिविधियां सात मूलभूत सिद्धांतों - मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वतंत्रता, स्वैच्छिक सेवा, एकता और सार्वभौमिकता पर आधारित हैं, जो धर्म या राजनीति से ऊपर उठकर मदद करती हैं।



### पुलिस ने हत्या के प्रयास का आरोपी धर दबोचा

**सिरोंज।** इमलानी निवासी फरियादिया गुलाब बाई अहिरवार ने 23 मार्च को रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि आरोपी लक्ष्मण अहिरवार निवासी इमलानी ने जमीन के हिस्से के विवाद को लेकर जान से मारने की नीयत से प्राणघातक हमला किया एवं अश्लील गालियां दीं। उक्त रिपोर्ट पर थाना सिरोंज में अपराध क्रमांक 131/26 धारा 109(1), 296(बी) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिरोंज के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## केडीबीएम महाविद्यालय एनएसएस शिविर के चतुर्थ दिवस पर चला स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज

केडीबीएम महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। दिन की शुरुआत प्रातः प्रभात फेरी से हुई, जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव में स्वच्छता एवं जागरूकता के संदेश दिए। इसके पश्चात योग एवं पीटी कर सभी ने अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई। इसके बाद शिविर स्थल पर परियोजना कार्य के अंतर्गत व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। स्वयंसेवकों ने मेला ग्राउंड की साफ-सफाई करते हुए वहाँ फैले कचरे को एकत्र किया। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र परिसर को भी साफ कर स्वच्छ वातावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान कुंड की सफाई विशेष रूप से की गई, जिसमें कुंड में जमा पूजन सामग्री, पॉलीथिन एवं अन्य कचरे को निकालकर उसे स्वच्छ बनाया गया। इसके अतिरिक्त स्वयंसेवकों ने आसपास के मंदिर परिसर की भी साफ-सफाई कर श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छ वातावरण तैयार किया। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने लोगों को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त समाज के प्रति जागरूक किया। गतिविधियाँ अनुशासन और टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुईं।



# कर्ज अदायगी तारीख बढ़ाने की मांग, किसानों ने जिला सहकारी बैंक के बाहर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिरोंज




जिला सहकारी बैंक के कर्ज अदायगी की तारीख को बढ़ाने की मांग करते हुए किसान नेता सुरेंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में किसानों ने सहकारी बैंक पर प्रदर्शन किया। इस मौके पर किसान नेता ने आरोप लगाया कि किसानों की चार महीने की मेहनत की फसल अभी खेतों में खड़ी है और कटाई का काम चल रहा है और जो फसल कट गई है उसको समर्थन मूल्य पर खरीदने का काम राज्य शासन ने अभी तक प्रारंभ नहीं किया है किसान अपने साथ गेहूं की बोरी लेकर बैंक के कार्यालय पर पहुंचे थे और किसानों का कहना था कि हमारे पास अनाज के अलावा और कोई आय का साधन नहीं है जब तक हमारा अनाज समर्थन मूल्य केंद्रों पर नहीं बिकेगा तब तक हमारे पास केसीसी भरने के लिए पैसा नहीं आएगा। मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा किसानों के हितों पर कुठाराघात करते हुए बैंकों की वसूली की तारीख 26 मार्च की गई है।

ऐसे समय में जबकि किसानों का अनाज मंडी में माटी के मोल लिया जा रहा है किसानों को अपना अनाज समर्थन मूल्य पर शासकीय खरीद केदो पर बेचना है परंतु सरकार द्वारा ना तो समर्थन मूल्य केंद्र प्रारंभ किए गए वहीं दूसरी ओर बैंक की ड्यू डेट भी आगे नहीं बढ़ाई जा रही है। जिससे कि पिछले साल की तरह इस प्रदेश के लाखों किसान ओवरड्यू हो जाएंगे और उन पर ब्याज की मार पड़ेगी सो अलग है। कई किसान बाजार से अपने जेवर रखकर और महंगे ब्याज पर रुपया लाकर बैंकों में भरने के लिए लाइनों में खड़े हैं परंतु सरकार को किसान की मजबूरी नहीं दिख रही है। मौके पर मौजूद सैकड़ो किसानों ने तत्काल केसीसी जमा करने की तारीख 1 महीने आगे बढ़ाने की मांग की। तहसीलदार संजय चौरसिया को पीड़ा बताते हुए किसानों ने कहा कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को मिटाने पर तुली हुई है उन्होंने मांग करते हुए कहा कि तत्काल बैंक की केसीसी भरने की तारीख 1 महीने आगे बढ़ाई जाए और कल से ही समर्थन मूल खरीद केंद्र चालू किए जाएं जिससे कि किसान अपना गेहूं चना मसूर सरसों आदि समर्थन मूल्य पर बेचकर कर्ज भरने की तैयारी करें। इस मौके पर किसान वीर सिंह कुर्मी,चंद्रशेखर रघुवंशी,अंकित भार्गव,लालीराम अहिरवार,फूल सिंह कुर्मी आदि सैकड़ो किसान मौजूद थे।

## स्व. अशोक मनोरिया स्मृति में राज्यपाल मंगुभाई पटेल के हाथों राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण




**विदिशा।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पुनरावलोकन एवं आत्मावलोकन विषय पर एक गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान भोपाल द्वारा किया गया, जिसमें पत्रकारिता जगत की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मप्र के राज्यपाल मंगुभाई पटेल रहे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया गया। विशेष रूप से वरिष्ठ पत्रकार स्वर्गीय अशोक मनोरिया की स्मृति में स्थापित राज्य स्तरीय अशोक मनोरिया पुरस्कार का वितरण माननीय राज्यपाल मप्र के करकमलों से किया गया। यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए डॉ. बृजेश शर्मा को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त माधवराव सप्रे सम्मान से विकास मिश्र तथा महेश गुप्ता सृजन सम्मान से अरुण नैथानी को सम्मानित किया गया। जिसमें हिंदी पत्रकारिता के इतिहास, वर्तमान चुनौतियों एवं भविष्य की संभावनाओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में विदिशा से पूर्व सांसद प्रताप भानु शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी अतुल शाह, वरिष्ठ पत्रकार गोविंद सक्सेना, सचिन तिवारी, भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव सहित अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## महामाई माता मंदिर में उमड़ा सैलाब, नवमी पर होगा विशाल भंडारा



**विदिशा।** शहर के प्राचीन शक्तिपीठ महामाई माता मंदिर (मोहन गिरी) में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रथम दिवस से ही मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान एवं पूजा-अर्चना का क्रम निरंतर जारी है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं। इसी कड़ी में मंदिर परिसर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विधिवत आरती कर प्रदेश व देश की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। आरती उपरांत प्रजापति समाज के अध्यक्ष नथन सिंह प्रजापति ने उन्हें माता की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया। मंदिर ट्रस्ट के सचिव राजकुमार प्रजापति ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष चैत्र व शारदीय नवरात्रि तथा आषाढ़ी महोत्सव बड़े धूमधाम से आयोजित होते हैं। नवमी पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## कृषि कल्याण वर्ष थीम पर जिला स्तरीय कृषक मेला आयोजित, किसानों में उत्साह

**विदिशा।** गल्ला मंडी प्रांगण में मुख्यमंत्री मोहन यादव के 61वें जन्मदिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कृषक मेले का आयोजन किया गया। कृषि कल्याण वर्ष थीम पर हुए इस मेले में हजारों किसानों ने भाग लिया और आयोजन जनउत्सव में बदल गया। मेले में आधुनिक खेती, उन्नत बीज, नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी गई। किसानों को उत्पादन बढ़ाने और लागत कम करने के व्यावहारिक उपाय बताए गए। आकाश यादव ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए बेहद लाभकारी है, जबकि किसान अर्जुन गुर्जर ने आयोजन को सराहते हुए सम्मान और सुविधाएं मिलने पर खुशी जताई। विभिन्न स्टॉल, कृषि उपकरणों की प्रदर्शनी और स्वास्थ्य सेवाएं आकर्षण का केंद्र रहीं। उत्कृष्ट किसानों को सम्मानित कर उनका उत्साह भी बढ़ाया गया।

## बड़ा सराफा में नई पुलिस चौकी का 27 मार्च को लोकार्पण


**विदिशा।** बड़ा सर्राफा एसोसिएशन द्वारा व्यापारियों की सुरक्षा एवं क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सर्वसुविधायुक्त पुलिस चौकी का निर्माण कराया गया है। इसका लोकार्पण 27 मार्च को दोपहर 4 बजे बड़ा बाजार सर्राफा चौक पर होगा। कार्यक्रम में कलेक्टर अंशुल गुप्ता, एसपी रोहित काशवानी, विधायक मुकेश टंडन एवं व्यापार महासंघ अध्यक्ष मुन्नालाल जैन उपस्थित रहेंगे। चौकी को पुलिस विभाग को समर्पित किया जाएगा। अध्यक्ष संजय चौधरी व महामंत्री राजेश सोनी खुबाल ने व्यापारियों से सहभागिता की अपील की है।

## माताबाग मंदिर में आस्था की ज्योति से जगमग दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरवाई

चैत्र नवरात्रि अवसर पर नगर के प्रसिद्ध माता बाग मंदिर में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है।

मां बिजासन माता बाग वाली मैया के दरबार में इस वर्ष भक्तों द्वारा शुद्ध घी की 85 और तेल की 378 ज्योतियां प्रज्वलित की गईं, जिससे पूरा मंदिर परिसर आलोकित हो उठा। मंदिर समिति के अध्यक्ष पंडित अनिल कुमार चौबे ने बताया कि यहां हर शारदीय



नवरात्रि में 51 शक्तिपीठों से अखंड ज्योति लाकर स्थापित की जाती है, जिससे भक्तों की ज्योतियां प्रज्वलित होती हैं। मंदिर में दक्षिणमुखी हनुमान जी, नवग्रह, राधा-कृष्ण सहित अनेक देवी-देवताओं के दर्शन एक ही स्थान पर होते हैं। प्रतिदिन शाम 7:30 बजे भव्य आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं।

### तपती धूप में सेवा की छांवः युवाओं की पहल बनी सहारा

## चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप ने शहर में लगाए निशुल्क शीतल प्याऊ



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप ने हर वर्ष की तरह इस साल भी ग्रुप द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर निशुल्क शीतल जल प्याऊ की शुरुआत की गई है, जो राहगीरों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहे हैं। इन प्याऊ पर आरओ फिल्टर से शुद्ध और ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। मजदूर, रिक्शा चालक, दुकानदार, विद्यार्थी और दूर-दराज से आने वाले यात्री यहां रुककर अपनी प्यास बुझा रहे हैं और ग्रुप के सदस्यों को आशीर्वाद दे रहे हैं। खास बात यह है कि ग्रुप के सदस्य स्वयं दिन में तीन बार मटकों को भरते हैं, ताकि किसी भी जरूरतमंद को निराश न होना पड़े। तिलक चौक, बड़ा बाजार, स्टेशन क्षेत्र, नगर पालिका परिसर, मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल रोड जैसे व्यस्त स्थानों पर लगाए गए ये प्याऊ लोगों के लिए जीवनदायिनी बन गए हैं। इसी क्रम में आज पुलिस थाने के बाहर एक नए प्याऊ का शुभारंभ भी किया गया। पिछले 10 वर्षों से निरंतर सेवा कर रहा यह ग्रुप बिना किसी दिखावे के समाज में सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश दे रहा है।

### कंपार्टमेंट 414—417 में एक साल में उजड़ी हरियाली

# जंगलों की अंधाधुंध कटाई का मामला विधानसभा पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶मुरवास

लटेरी की उत्तर रेंज के कंपार्टमेंट नंबर 414, 415, 416 और 417 में बड़े पैमाने पर जंगलों की कटाई का मामला सामने आया है। जहां एक साल पहले तक घने जंगलों के कारण सूरज की किरणें भी जमीन तक मुश्किल से पहुंच पाती थीं, वहीं अब यह क्षेत्र बंजर नजर आने लगा है।

स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि बिना वन विभाग की मिलीभगत के इतनी व्यापक स्तर पर कटाई संभव नहीं है। उनका कहना है कि रात के समय आरी की आवाजें आम हो गई हैं और ट्रैक्टर-ट्रॉली तथा पिकअप वाहनों से लकड़ी की ढुलाई खुलेआम की जा रही है,



लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कार्रवाई नहीं कर रहे। मामला लगातार मीडिया में उठने के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने से लोगों में आक्रोश बढ़ रहा है। इस गंभीर विषय को क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने मप्र विधानसभा में भी उठाया, जिससे कार्रवाई की उम्मीद जगी थी। हालांकि आरोप है कि विभाग ने केवल औपचारिक जवाब देकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया। जमीनी स्थिति यह है कि जहां कभी सागौन सहित इमारती लकड़ी के पेड़ों की भरमार थी, वहां अब केवल ठूंठ और खाली जमीन बची है।

पर्यावरणविदों का मानना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो क्षेत्र का पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ सकता है। इस संबंध में वन विभाग के अधिकारियों से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन अधिकांश अधिकारियों ने फोन रिसीव नहीं किया। सीसीएफ भोपाल क्षितिक कुमार ने बातचीत में कहा कि वे इस मामले में डीएफओ को निर्देश देंगे।

## सांची रोड पर एमआरएफ टायर्स शोरूम गौरव सेल्स का शुभारंभ




**विदिशा।** सांची रोड स्थित एमआरएफ टायर्स एंड सर्विस फ्रैंचाइज़ी 'गौरव सेल्स' का शुभारंभ समारोहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कंपनी के सीनियर आरएसएम सुनील कुचनकर एवं डीएम सतीष नायर उपस्थित रहे। इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा ने शोरूम के शुभारंभ पर बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए उपयोगी पहल बताया। मुख्य अतिथि श्री कुचनकर ने एमआरएफ कंपनी की गुणवत्ता और सेवाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शशांक भार्गव, कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष कमल सिलाकारी, भाजपा नेता राकेश शर्मा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। स्वागत भाषण शीतल सिलाकारी ने दिया, संचालन सुजीत देवलिया ने किया। अंत में संचालक गौरव सिलाकारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शिवार्थ विश्वकर्मा आयु 02 बर्ष पुत्र श्री अभिषेक विश्वकर्मा निवासी बार्ड नम्बर 19, गली नम्बर 04, दुगाचौक तलैया विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र. का हैं। मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र नम्बर बी202423902330000874 हैं, जो कि मेरे पुत्र के नाम पर जारी किया गया था। जन्म प्रमाण पत्र बनबाने के दौरान त्रुटिवश मेरे पुत्र का नाम आराध्य विश्वकर्मा पुत्र श्री अभिषेक विश्वकर्मा दर्ज हो गया हैं। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम शिवार्थ विश्वकर्मा पुत्र श्री अभिषेक विश्वकर्मा है। ओर मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जाता है। इसलिये मैं मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र अपडेट करा कर, शिवार्थ विश्वकर्मा पुत्र श्री अभिषेक विश्वकर्मा अंकित कराना चाहता हूँ। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना, जावे। भविष्य में मेरे पुत्र को इसी नाम से जाना व पहचाना जावे / जावेगा। अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

**प्रार्थी**
**अभिषेक विश्वकर्मा पुत्र श्री छोटेलाल विश्वकर्मा निवासी बार्ड नम्बर 19, गली नम्बर 04, दुगाचौक तलैया विदिशा तहसील व जिला विदिशा म.प्र.**
**मो. 9752427068**

दाम बढ़ने के इंतजार में छोड़े खाली प्लॉट, मच्छरों से रहवासी परेशान हो रहे

# शहर में गंदगी का 'लैंड बैंक': भू-माफिया और प्लॉट मालिकों की लापरवाही से बढ़ रही बीमारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर की कॉलोनियों सहित रिहायशी क्षेत्र में वर्षों से खाली पड़े प्लॉट अब लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रहे हैं। निवेश, रेट बढ़ने या कब्जे के डर से छोड़ी गई इन जमीनों पर अब कचरे के ढेर, गंदा पानी और मच्छरों का अड्डा बन चुका है। हालत यह है कि जिन कॉलोनियों में लोग साफ-सुथरे माहौल में रहने पहुंचे थे। वहीं अब बदबू, गंदगी और बीमारी का खतरा मंडरा रहा है।

■ खाली प्लाटों पर फेंका जा रहा कचरा

शहर की कई पॉश और विकसित कॉलोनियों से लेकर अवैध बस्तियों के बीच मौजूद खाली प्लॉटों की स्थिति बेहद खराब है। कहीं घरेलू कचरा फेंका जा रहा है। तो कहीं निर्माण मलबा और प्लास्टिक का अंबार लगा है। कुछ जगहों पर नालियों का पानी भरने से ये प्लॉट छोटे-छोटे दलदल में तब्दील हो चुके हैं। इससे मच्छर, मक्खियां और जहरीले जीव-जंतु पनप रहे हैं।

### खाली प्लॉट की सफाई मालिक की जिम्मेदारी

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, खाली प्लॉट की नियमित सफाई और रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित मालिक की होती है। यदि वहां गंदगी, मच्छर या संक्रमण फैलने की स्थिति बनती है। तो यह केवल व्यक्तिगत लापरवाही नहीं बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य से जुड़ा मामला बन जाता है।

शहर में तेजी से बढ़ती आबादी और कॉलोनियों के विस्तार के बीच खाली प्लॉट अब सिर्फ जमीन नहीं। बल्कि गंदगी के 'लैंड बैंक' बनते जा रहे हैं। यदि समय रहते इनकी निगरानी, सफाई और जिम्मेदारी तय नहीं की गई। वहीं इस मामले में जिम्मेदारों ने कहा कि खाली प्लॉट पर मिली गंदगी तो प्लॉट धारक पर 500 रुपए का जुर्माना लगया जाएगा।

### इनका कहना है

नपा द्वारा वार्ड 4 में लापरवाह 5 प्लॉट धारकों को नोटिस जारी किए हैं। 3 प्लॉट मालिकों के विरुद्ध 500 सौ रुपए की पेनल्टी की गई है।
- **शशिकांत मोहडे,** स्वच्छता निरीक्षक, नगर पालिका परिषद, रायसेन।

### फैक्ट फाइल

- खाली प्लॉटों में कचरे का अंबार, मच्छरों से रहवासी बेहाल।
- रेट बढ़ने के इंतजार में छोड़ रखी है जमीन, लेकिन कॉलोनियों में फैल रही गंदगी।
- शहर के खाली प्लॉट बने बीमारी के अड्डे, कार्रवाई की मांग तेज।



### रहवासी बोले - सफाई न होने से रोज बढ़ रही परेशानी

रहवासियों समीर जैन, प्रज्ञा सिंह का कहना है कि खाली प्लॉटों में फेंके जा रहे कचरे की वजह से आसपास का वातावरण खराब हो गया है। कुछ लोगों ने बताया कि कई बार प्लॉट मालिकों को सफाई कराने के लिए कहा गया। लेकिन कोई स्थायी व्यवस्था नहीं की गई। कुछ प्लॉटों के चारों तरफ बाउंड्रीवाल तो है, लेकिन अंदर झाड़ियां, कचरा और मलबा भरा पड़ा है। रहवासियों का कहना है कि गर्मी बढ़ने के साथ ही इन प्लॉटों से उठने वाली बदबू और मच्छरों का प्रकोप भी तेज हो गया है। शाम होते ही लोगों का घर के बाहर बैठना मुश्किल हो जाता है। कई परिवारों ने बच्चों और बुजुर्गों में बुखार, एलर्जी, त्वचा रोग और सांस संबंधी शिकायतें बढ़ने की बात कही है।

### प्रशासन का रुख: शिकायत मिली तो दर्ज होगा केस

नगर पालिका और जिला प्रशासन का कहना है कि यदि किसी खाली प्लॉट की गंदगी से आमजन के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है, तो संबंधित व्यक्ति लिखित शिकायत कर सकता है। नियमों के तहत प्लॉट मालिक को नोटिस जारी किया जाएगा। यदि नोटिस के बाद भी सफाई नहीं होती, तो प्रशासन जुर्माना लगाने के साथ कानूनी कार्रवाई भी कर सकता है।

### खाली प्लॉट की तीन बड़ी वजह

**पहला:** प्रॉपर्टी के रेट बढ़ने के लालच में कई निवेशकों और भू-माफिया ने जमीनें खरीदकर छोड़ दी हैं। उनका मकसद सिर्फ कीमत बढ़ने पर मुनाफा कमाना है, इसलिए निर्माण या देखरेख नहीं की जाती।

**दूसरा:** कई प्लॉटों पर स्वामित्व विवाद चल रहे हैं। मालिकाना हक को लेकर परिवारों या पक्षों के बीच विवाद के चलते जमीन सालों तक खाली पड़ी रहती है।

**तीसरा:** कई जगह सरकारी जमीनों पर अवैध बाउंड्रीवाल खड़ी कर कब्जे कर लिए गए हैं। ऐसे मामलों में कब्जाधारी निर्माण भी नहीं करते, सिर्फ जमीन रोककर बैठे रहते हैं। इससे आसपास की बस्तियों में गंदगी और असुविधा बढ़ रही है।

## गैस किल्लत और महंगाई के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

### राष्ट्रपति के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लत और बढ़ती महंगाई को लेकर बुधवार को कांग्रेस ने केंद्र सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रायसेन (शहर) के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विरोध दर्ज कराते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रशासन को सौंपा।

तहसीलदार भरत सिंह मंडले को सौंपे ज्ञापन में कहा कि यदि समय रहते गैस संकट और महंगाई पर नियंत्रण नहीं किया, तो इसका सीधा असर गरीब, मध्यमवर्गीय और निम्न आय वर्ग के परिवारों पर पड़ेगा। कांग्रेस नेताओ ने चेतावनी दी कि यदि आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

ज्ञापन में आरोप लगाया कि देशभर में आम जनता रसोई गैस की कमी और लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है। लेकिन केंद्र व प्रदेश सरकार इस समस्या के समाधान के लिए गंभीरता नहीं दिखा रही। वर्तमान समय में घरेलू गैस सिलेंडर आम उपभोक्ताओं की पहुंच से दूर होता जा रहा है। जिससे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के सामने रसोई गैस का संकट आ गया है।

कांग्रेस नेताओं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ जीसी गौतम, हकीम उद्दीन मंसूरी, प्रभात चावला, प्रवक्ता जावेद अहमद खान ने दावा किया कि कई स्थानों पर उपभोक्ताओं को 7 से 8 दिन तक इंतजार करने के बाद भी गैस सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। इस कारण महिलाओं और गृहणियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेसियों ने ज्ञापन में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के कारण आम आदमी पहले ही परेशान है। ऊपर से गैस सिलेंडर की किल्लत ने हालात और खराब कर दिए हैं। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस के कई पदाधिकारी, महिला कांग्रेस की सदस्याएं और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### शिवराज सिंह आज आएंगे रायसेन, कृषि मेले की तैयारी का करेंगे निरीक्षण



**रायसेन।** जिले में आगामी 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले कृषि महोत्सव, प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारियों ने रफ्तार पकड़ ली है। इसी कड़ी में केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद शिवराज सिंह चौहान बुधवार 26 मार्च को रायसेन पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करेंगे। उनके दौरे को लेकर प्रशासन और कृषि विभाग ने तैयारियां तेज कर दी हैं। यह कृषि महोत्सव भारत सरकार और राज्य शासन के समन्वय से आयोजित किया जा रहा है।

## जेब विविधता प्रबंधन समिति का सक्रिय करण, गठन, पुर्नगठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

मप्र राज्य जेब विविधता बोर्ड भोपाल के सहयोग से बाड़ी जनपद में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रशिक्षण में बाड़ी जनपद की ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों सहित ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मनोज कुमार सोलंकी सहायक सदस्य सचिव एवं विवेक कुमार पाण्डे तकनीकि विशेषज्ञ म.प्र. राज्य विविधता बोर्ड भोपाल द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान जेब विविधता अधिनियम के अन्तर्गत ग्राम, पंचायत स्तर पर जेब विविधता प्रबंधन समितियों के विधिवत गठन एवं पुर्नगठन की प्रक्रिया तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जेब विविधता के दस्तावेजीकरण हेतु लोक जेब विविधता पंजी तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई है। प्रशिक्षण में सीओ जनपद दानिश अहमद खान, नर्मदा प्रसाद पटैल खण्ड पंचायत अधिकारी, अभिषेक पटैल प्रबंधक आरजीएसवाय उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन शियानन्द लोधी ने किया।

### लोक जेब विविधता निर्माण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम



## सैकड़ों एकड़ शासकीय भूमि व गोहों पर अतिक्रमणकारियों ने अवैध कब्जा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

निजी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का आदेश देने वाला राजस्व विभाग अपनी ही भूमि से अवैध कब्जा हटाने में फिसड्डी साबित हो रहा है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक शासकीय गोहे और सैकड़ों एकड़ भूमि अवैध कब्जे में है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील मुख्यालय के अमुमन सभी शासकीय गोहे अवैध कब्जे में है। इन गोहों पर कहीं पक्के आवास तो कहीं व्यावसायिक प्रतिष्ठान बनाकर कब्जे कर लिया है। प्रशासन की उदासीनता से अवैध कब्जे के गोहे निजी संपत्ति में तब्दील से रहे हैं।

अतिक्रमणकारियों में अधिकतर रसूखदार, पूंजीपति एवं सत्ता संरक्षण प्राप्त है। प्रशासन की बेबसी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नगरीय सीमा में स्थित शासकीय कार्यालयों सहित सांदीपनी विद्यालय की भूमि पर अवैध कब्जे जस के तस है।

ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालात और भी बदतर है। अतिक्रमण के चलते किसानों को अपने खेतों में आवागमन में परेशानी हो रही है। किसान तहसीलदार को आवेदन देकर अवैध कब्जे से बेदखली की मांग कर रहे है, लेकिन कार्रवाई के कहीं अते-पते नहीं है। सैकडों एकड़ सेवा भूमि अवैध कब्जे में है।



### क्या कहता है नियम

मप्र भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 में स्पष्ट प्रावधानित है कि यदि कोई व्यक्ति अपाधिकृत रूप से दखल रहित भूमि, आबादी, सेवा भूमि, आवागमन के रास्तों पर कब्जा करता है अथवा भवन या अन्य निर्माण करता है उसे तत्काल सख्ती से बेदखल किया जाएगा।

### इनका कहना है

गोहों पर कब्जे के संबंध में आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। हल्का पटवारी ने भी कब्जे के संबंध में रिपोर्ट नहीं दी है। आवेदन प्राप्त होता है तो अवश्य कार्रवाई करेंगे।
- **सुनील शर्मा,** तहसीलदार बाड़ी।

## 251 ज्योति कलशों में सजी माता रानी की चौखट, दुर्गा शक्तिपीठ में महाआरती हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के मुखर्जी नगर कॉलोनी स्थित स्वामी शिवोम तीर्थ आश्रम के नौ देवी दुर्गा शक्तिपीठ मंदिर में बुधवार शाम चैत्र नवरात्रि की सप्तमी पर संगीतमय महाआरती का भव्य आयोजन हुआ। महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और माता रानी के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल में डूब गया।

महाआरती के बाद नौ देवी परिसर में प्रज्ज्वलित 251 ज्योति कलशों के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। दीपों की जगमगाहट और भक्ति संगीत के बीच श्रद्धालुओं ने माता रानी के दरबार में सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना की। आयोजन के समापन पर भक्तों को महाप्रसादी वितरित की गई। देवी मंदिरशक्तिपीठ समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां प्रतिदिन विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

चैत्र और शारदीय नवरात्रि पर्व की सप्तमी के अवसर पर हुए इस आयोजन में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे।



ग्राम जामगढ़ और भगदेई के बीच स्थित एक प्राचीन मढ़िया में है कामाख्या देवी का चमत्कारिक तांत्रिक मठ


## विंध्याचल पर्वत की तलहटी में बसे जामगढ़ और भगदेई में शिव-शक्ति के प्राचीन स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

विंध्याचल पर्वत की तलहटी में बसे तहसील के दो ग्राम जामगढ़ और भगदेई अनादिकाल से शिव और शक्ति के साधना तपस्या स्थली और श्रद्धा केंद्र बने हुए है। प्राचीन प्राकृतिक तालावों, गुफा, मंदिरों के लिए आज भी सम्पूर्ण क्षेत्र में हजारों शिव और आदिशक्ति के लिए आस्था विश्वास का केन्द्र बने हुए है।

जामागढ़ में जामवंत की प्राचीन गुफा एक प्राचीन तालाव, किनारे पत्थरों पर पदचिन्ह अवूझ भाषा में बीजक पहाड़ी के उपर गुफा जिसमें बारह महिनों जल भरा रहता है शिव मंदिर, झूलती टनों बजनी चट्टान हमेशा शिव भक्तों को आकर्षित करते है। जहाँ तालाव, तालाव के किनारे प्राचीन खजूराहो शैली का पाषण मंदिर, शिव लिंग का सूर्य की किरणे सबसे पहले अभिषेक करती है। भगदेई में सदियों पूर्व से भगदेवी का मंदिर हुआ करता था। संस्कृत में भग योनि को कहा जाता है। एक शिला पर प्रशव वेदना वाली प्रतिमा और प्राचीन मंदिर के भग्नावशेष आज भी जामगढ़-भगदेई की प्राचीनता पुरा वैभव के उदाहरण बने हुए है।

ऐसी मान्यता है कि जामवंत जी ने इस मंदिर का निर्माण किया था। श्रीकृष्ण और जामवंत के बीच स्मयंतक मणी के लिए संघर्ष हुआ और जामवंत की पुत्री जामवंती से श्रीकृष्ण के विवाह के कारण जामगढ़ को भगवान श्रीकृष्ण की ससुराल भी कहा जाता है।



### कामाख्या देवी कामठ

जामगढ़ और भगदेई के बीच स्थित एक प्राचीन मढ़िया, जिसे कामाख्या देवी का तांत्रिक मठ कहा जाता है। मान्यता है कि यहाँ की गई साधना तपस्या फलीभूत होती है। कहा जाता है कि कामाख्या मां को पुजारी अपना शीश काट कर चढ़ाया करता था और पुनः जीवित हो जाते थे। सदियों तक इस मठ में तांत्रिक साधना करते रहे। नवरात्रि पर्व में देवी भक्त कामाख्या देवी के दर्शन पूजन करने जरूर आते है। जामगढ़-भगदेई के पास उंची पहाड़ी पर तिल गणेश का अति प्राचीन मंदिर, शिव बापौली धाम भी सदियों से श्रद्धा भक्ति के केन्द्र बने हुए है।

मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़, ज्वारों के साथ परंपराएं जीवंत


## मां कालरात्रि की पूजा से भक्तिमय हुआ नगर

### धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा चैत्र नवरात्रि पर्व, हर ओर भक्ति का माहौल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में चैत्र नवरात्रि का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। हर ओर भक्ति और आस्था का माहौल देखने को मिल रहा है। नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा विधि-विधान के साथ संपन्न हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया और माता रानी से सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह होते ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं। माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण गूंज उठा। नगर के प्रसिद्ध मां विजयासन मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालु पूजा-अर्चना कर नारियल, चुनरी और प्रसाद अर्पित कर माता का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।



नवरात्रि पर नगर और गांवों में अनेक स्थानों पर ज्वारे बोए गए हैं, जो शक्ति और समृद्धि का प्रतीक माने जाते हैं। मंदिरों में विशेष पूजा-अनुष्ठान, हवन और आरती का आयोजन किया जा रहा है। वहीं घर-घर में भी भजन-कीर्तन और दुर्गा सप्तशती का पाठ निरंतर जारी है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। कन्या पूजन की परंपरा भी श्रद्धा और उल्लास के साथ निभाई जा रही है। भक्तजन देवी स्वरूप कन्याओं को अपने घर आमंत्रित कर उनका पूजन कर रहे हैं। कन्याओं के चरण धोकर उन्हें भोजन कराया जा रहा है और उपहार स्वरूप प्रसाद, वस्त्र एवं दक्षिणा भेंट की जा रही है।

### पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ आस्था से मनाया जा रहा पर्व

इसी क्रम में बुधवार को सरस्वती नगर में पांडेय परिवार द्वारा कन्या भोज का विशेष आयोजन किया। इस अवसर पर कई कन्याओं को आमंत्रित कर विधि-विधान से उनका पूजन किया तथा स्नेहपूर्वक भोजन कराया। कार्यक्रम में स्थानीय लोगों की भी सहभागिता रही। कुल मिलाकर पूरे सिलवानी क्षेत्र में नवरात्रि का पर्व धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है, जो क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दर्शाता है।

100 प्रतिभागी किसान शामिल हुए

## कृषक उत्पादक सहकारी संस्था द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

बुधवार को सांची कृषक उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सांची एफपीओ जिला रायसेन मध्य प्रदेश एवं राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम एनसीडीसी के तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें 100 किसान प्रतिभागी रहे एवं सभी प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए फसल बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में बिस्तर जानकारी प्रदान की गई।

■ एफपीओ की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया

किसानों ने भी अपनी अपनी समस्या बताई अधिकारीओ ने सभी किसानों को संतुष्ट किया एवं एफपीओ की सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। अप की गतिविधियों के बारे में उनको बताया गया।



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौरव शाक्य, एनसीडीसी डिप्टी डायरेक्टर रोबिन सक्सेना, विधि एवं लेखा विशेषज्ञ सीबीबीओ राज्य सहकारी संघ भोपाल जिला सहकारी बैंक सांची के ब्रांच मैनेजर इमरान जाफरी सांची, बी पैक्स प्रबंधक नरेश राजपूत, सांची कृषक उत्पादक सहकारी संस्था के अध्यक्ष शैतान सिंह, सीईओ महेंद्र जाट, अकाउंटेंट योगेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### रामलीला के छठवें दिन श्रीराम को 14 वर्ष का वनवास और केवट संवाद का मंचन किया

**दीवानगंज।** चैत्र नवरात्रि के दौरान आयोजित रामलीला में छठे दिन श्री राम के 14 वर्ष के वनवास और भावुक केवट संवाद का मंचन किया गया। कलाकारों ने राजा दशरथ, कैकेयी संवाद, मंथरा का षड्यंत्र और राम-सीता-लक्ष्मण के अयोध्या छोड़ने के प्रसंग को प्रस्तुत किया। केवट द्वारा प्रभु राम के चरण धोकर गंगा पार कराने के दृश्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया।

अंबाडी के श्री गणेश चौक सदर बाजार में चल रही श्रीराम लीला में बुधवार को श्रीराम वनवास तथा भरत को राज मिलने का भावपूर्ण मंचन किया गया। इसके बाद केवट संवाद तथा दशरथ मरण का मंचन किया गया। मंथरा के कहने पर कैकेयी ने राम को चौदह वर्ष के वनवास के लिए राजा दशरथ से कहा एवं साथ ही भरत को राजा बनाने की मांग की गई।